शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)

महिला उत्पीड़न निवारण

एवं

विकास समिति

2018-19

संयोजक
डॉ. (श्रीमती) मीना प्रसाद
सहायक प्राध्यापक
शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय,
राजनांदगांव (छ.ग.)

प्रतिवेदन

महिला उत्पीड़न निवारण विकास समिति

महिला उत्पीडन विकास समिति द्वारा महाविद्यालय में छात्राओं को स्वालम्बी बनाने स्वयं की सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा कानूनी अधिकार के प्रति जागरुकता करने हेतु सत्र 2018–19 में निम्न कार्यक्रम आयोजित करवाये गये है।

हैंडी क्राफ्ट प्रशिक्षण :–

दिनांक 27 तथा 28 नवंबर 2018 को हैन्डीक्राफ्ट प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रुचि महिला मण्डल राजनांदगांव के सदस्य निर्मला रहंगडाले, पुष्पा पवार तथा शाहिन अख्तर के द्वारा छात्राओं को बैग पर्स सजावट की सामग्री बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

खाद्य पदार्थों के संग्रहण पर कार्यशाला :–

30 नवंबर 2018 को खाद्य पदार्थों के संग्रहण व निर्माण पर कार्यशाला आयोजित की गयी जिसमें शैफ सुभाष अग्रवाल ने छात्राओं को जैम जैली जैसे पदार्थों को बनाने तथा संग्रहण करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गयझ

पांच दिवसीय आत्मरक्षा शिविर :–

दिनांक 28 नवंबर से 03 दिसंबर 2018 तक पांच दिवसीय आत्मरक्षा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें राजनांदगांव कराटे संघ के सचिव मुरली सिंह भारद्वाज प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



मेहंदी एवं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण :–

दिनांक 01 दिसंबर 2018 को ब्यूटीशियन मेहंदी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शेरीन डेविड रोज ब्यूटीपार्लर भिलाई ने छात्राओं को प्रदान किया। अन्नू डेविड ने मेहंदी लगाने का प्रशिक्षण दिया।



विधिक जागरुकता व्याख्यान :–

29 नवम्बर 2018 को महिलाओं के कानूनी अधिकार पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कु. अंजली सिंह उपस्थित रही।

स्वास्थ्य जागरुकता व्याख्यान :–

04 दिसंबर 2018 को महिलाओं के स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में डॉ. इन्दू चन्दूलाल चंद्राकर मेमोरियल हॉस्पिटल कचांदूर भिलाई से उपस्थित हुई।

ईंधन सुरक्षा पर कार्यशाला :–

दिनांक 31/07/2018 को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव में महिला उत्पीडन निवारण समिति द्वारा उज्जवला योजना के अवसर पर ईधन सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्री नरेश डाकलिया ने छात्राओं को ईंधन सुरक्षा, कुशलता एवं स्वास्थ्य के प्रति सजगता की जानकारी तथा घर में उपयोग की जाने वाली गैस सिलेंडर से होने वाली दुर्घटनाओं से सुरक्षित रहने के उपाय डेमों के माध्यम से प्रस्तुत की भुजंग राव बोवडे ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने का आव्हान किया। माँ बम्लेश्वरी बोर्ड संस्था के शिवकुमार देवांगन ने महिला उत्थान के कार्यक्रमों की जानकारी दी।

स्वास्थ्य स्वच्छता जागरुकता व्याख्यान :–

दिनांक 03/01/2019 को दिग्विजय महाविद्यालय में समिति द्वारा महाविद्यालय में महिलाओं से संबधित स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कानपुर लिमिटेड कम्पनी के आनद सिंह एवं सहायक सुश्री नूरी ने छात्राओं को स्वच्छता के संबध में जानकारी प्रदान की साथ ही उक्त संस्था द्वारा स्वच्छता से संबंधित सामग्री भी छात्राओं को उपलब्ध करवाई गई।

8 मार्च अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस :–

महाविद्यालय में 8 मार्च को समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी शारदा तिवारी, पार्षद रेशु शर्मा, प्राचार्य डॉ. हेमलता महोबे उपस्थित रही।